कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता,
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
कार्यालय दूरभाष नं. : 07662-241655 ई-मेल : ssmc-rewa@mp.gov.in
फैक्स नं. : 07662-251167 वेबसाइट :www.ssmcrewa.com

क्रमांक / 9416 / पैरामेडि. / एम.सी. / 2022 रीवा, दिनांक : 21/4/22

–:: पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसिलिंग सूचना ::–

स्वशासी श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा में शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिये विभिन्न स्ववित्तपोषित पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए विज्ञापन क्रमांक 3323 / पैरामेडि. / एम.सी. / 2022 रीवा, दिनांक 07.02.2022 के द्वारा आवेदन आमंत्रित कर दिनांक 08 एवं 09 मार्च 2022 को प्रथम चरण की काउंसिलिंग सम्पन्न की जा चुकी है। कार्यालय रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश सह–चिकित्सीय परिषद् के पत्र क्रमांक / एफ–1347 / 1114 / 2022 भोपाल, दिनांक 30.03.2022के द्वारा प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 30.04.2022 निर्धारित की गई है। उक्त के तारतम्य में प्रथम चरण की काउंसिलिंग उपरान्त रिक्त रही सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसिलिंग दिनांक 26.04.2022 को निर्धारित की जाती है। अतः समस्त पात्र एवं इच्छुक अभ्यार्थी जो द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में सम्मिलित होना चाहते हैं को सूचित किया जाता है कि, स्क्रूटनी हेतु अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ **दिनांक 25.04.2022 को प्रातः 09:30 बजे चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार** में उपस्थित हों।

द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में सम्मिलित होने हेतु पात्रता :–

1. ऐसे अभ्यार्थी जिनको प्रथम चरण की काउंसिलिंग में कोई भी सीट आवंटित नहीं हुई है।
2. ऐसे अभ्यार्थी जिन्हें प्रथम चरण की काउंसिलिंग में सीट आवंटित हुई तथा उनके द्वारा आवंटित पाठ्यक्रम हेतु शैक्षणिक शुल्क एवं मूल दस्तावेज जमा कर प्रवेश लिया गया है।
3. द्वितीय चरण काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु पाठ्यक्रम की सुरक्षा निधि रू. 5000/– (पांच हजार) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि "CEO & Dean, S. S. Medical College, Rewa" के नाम से देय होगा, के साथ दिनांक 25.04.2022 को उपस्थित होकर प्रातः 11:00 बजे तक पंजीकृत होंगे।

द्वितीय चरण की काउंसिलिंग हेतु अपात्रता :–

1. ऐसे अभ्यार्थी जिनको प्रथम चरण की काउंसिलिंग में सीट आवंटित हुई किन्तु उनके द्वारा आवंटित पाठ्यक्रम हेतु शैक्षणिक शुल्क एवं मूल दस्तावेज जमा नहीं किए गए हैं वे द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में सम्मिलित होने हेतु अपात्र होंगे।

टीप :– ऐसे अभ्यार्थी जिनको प्रथम चरण की काउंसिलिंग में सीट आवंटित हुई थी एवं वे उस सीट पर प्रवेश ले चुके हैं यदि वे दूसरे चरण की काउंसिलिंग में सम्मिलित नहीं होना चाहते हैं तो ऐसी स्थिति में उनका प्रथम चरण में आवंटित सीट पर प्रवेश यथावत रहेगा।

क्रमश : 02 ....

<u>द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में सीट आवंटन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–</u>

सर्व प्रथम काउंसिलिंग में सीट आवंटन हेतु एस.टी. श्रेणी के उम्मीदवारों को बुलाया जायेगा। इसके पश्चात क्रमशः एस.सी., ओ.बी.सी., ई.डब्ल्यू.एस. एवं अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को।

<u>सीटों के रिक्त होने की स्थिति में सीटों का परिवर्तन इस प्रकार किया जायेगा :–</u>

a) एस.टी. श्रेणी की खाली सीटों को एस.सी. श्रेणी के आवेदकों द्वारा भरा जाएगा।
b) एस.सी. श्रेणी की खाली सीटों को एस.टी. श्रेणी के आवेदकों द्वारा भरा जाएगा।
c) अगर एस.टी. और एस.सी. श्रेणी में आरक्षण के लिए योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं है तो रिक्त सीटों को ओ.बी.सी. श्रेणी के आवेदकों द्वारा भरा जाएगा।
d) यदि पात्र आवेदक उपरोक्त तरीके से तीन आरक्षित श्रेणियों में ऊपर के चरणों में उपलब्ध नहीं हैं तो रिक्त सीटों को पात्र अनारक्षित श्रेणी के आवेदकों द्वारा भरा जाएगा।
e) ई.डब्ल्यू.एस. की खाली सीटों को अनारक्षित श्रेणी के आवेदक द्वारा भरा जायेगा।

द्वितीय काउंसिलिंग हेतु पाठ्यक्रमवार रिक्त सीटों की जानकारी पृथक से महाविद्यालय की वेबसाइट www.ssmcrewa.com पर प्रदर्शित की जायेगी।

21/6/22

मुख्यकार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता,
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)